हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 जुलाई 2024

06 मरीह माता मंदिर में चल रहा दुर्गा चालीसा ...



07 रोजगार के लिए निजी कंपनी के साथ मिलकर...





## खबर संक्षेप

### अपहर्ता को दो घंटे में किया गिरफ्तार

**सीहोर।** 04 जुलाई 2024 को फरियादी ग्राम धबोटी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में सन्देही अखलेश बरेला पिता रुप सिहं उम्र 21 साल निवासी ग्राम हिनोती थाना विलिकिसगंज जिला सीहोर ने फरियादी की पुत्री उम्र 16 वर्ष को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट से थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी द्वारा सीएसपी निरंजन सिहं राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली गिरीश दुबे के नेतृत्व में अपरहर्ता को शीघ्र दस्तयाब करने के निर्देश दिए गए थे।

### सब्जी आदि के बीज विक्रय के लिए लाइसेंस जरूरी

**सीहोर।** निजी बीज विक्रेता, सब्जी, मसाला, पुष्प एवं औषधीय फसलों के बीजों का व्यापार उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना नहीं कर सकेंगे। उक्त बीजों के व्यापार के लिए विक्रेता को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### ट्रांसफार्मर खराबः 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के पास विद्युत ट्रांसफार्मर व्यवधान संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 एवं मोबाइल एप उपाय का विकल्प मौजूद है। उपभोक्ता इन विकल्पों में से किसी भी एक विकल्प का उपयोग कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित वितरण ट्रांसफार्मर के असफल होने संबंधी शिकायतें या सूचना दर्ज करा सकते हैं। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने मोबाइल में प्ले स्टोर के माध्यम से उपाय एप को डाउनलोड कर एवं उसके उपयोग से भी अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं।


## शहर में पुरी की तर्ज पर निकाली भगवान जगन्नाथ की यात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

# रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगदीश, सुभद्रा और बलदाऊ, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

### रथ यात्रा में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा, विधायक सुदेश राय व नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य रथ यात्रा पुरी की तर्ज पर निकाली गई। इस मौके पर शहर के अनेक स्थानों पर रथ में सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का भव्य स्वागत किया गया। सुबह यहां पर मौजूद आधा दर्जन से अधिक पंडितों ने यहां पर सुबह गर्भगृह से प्रभु को निकाला और भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बड़े भाई बलदाऊ आदि का पूर्ण विधि-विधान से अभिषेक कराया इसके बाद महा आरती के पश्चात बड़ी संख्या में भजन मंडली के द्वारा ढोल-नगाडे के साथ भगवान करीब तीन किलोमीटर से अधिक भ्रमण निकले अब रात्रि को शहर के मंडी स्थित श्रीराम मंदिर में विश्राम के बाद भगवान को पुन शहर के छावनी स्थित जगदीश मंदिर में विराजमान किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए



समाज की ओर से शिव परमार मुरली, जेपी परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, देवनारायण परमार ने बताया कि मंदिर में सुबह पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई थी, इसके बाद सुबह ग्यारह बजे से एक घंटे तक महाआरती की गई।

इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य शामिल थे। दोपहर बारह बजे शहर के छावनी से जगदीश मंदिर से भगवान



जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ जी का रथ खींचा। रथ को आकर्षक तरीके से सजाया गया था और प्रतीक के तौर पर रस्सी से भी लगाई थी। जिससे श्रद्धालुओं के धक्के और रस्सी खिंचने पर रथ आगे बढ़ा। इसमें श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा। शहर में लंबे समय से जगदीश मंदिर टाट बाबा परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में भव्य रथ यात्रा इस साल भी आस्था और उत्साह के साथ निकाली गई थी। भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा 1961 में मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ शुरु की थी। रथ यात्रा का सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया, शहर के सब्जी मंडी चौराहे पर विठलेश सेवा समिति के प्रबंधक समीर शुक्ला, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, आकाश शर्मा, कुणाल गोस्वामी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि ने प्रांतीय अध्यक्ष सूरज प्रसाद परमार, मंडलोई चंदर सिंह परमार, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह के अध्यक्ष हरीश परमार, निर्माण समिति के अध्यक्ष अनार सिंह का स्वागत किया। रथ यात्रा का उत्साह तो वैसे मंदिर में शनिवार की देर शाम से आरंभ हो गया था। मंदिर में भजन मंडलों के द्वारा उत्साह के साथ भजन-कीर्तन किया गया और उसके पश्चात रविवार की सुबह मंदिर में चलित झांकियों को आस्था के साथ रथ में विराजमान किया गया और रथ यात्रा में आधा दर्जन से अधिक भजन मंडलों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।



## टमाटर के दाम 120 रुपए तो हरी मिर्च 140 रुपए किलो तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जुलाई का महीना चल रहा है और कहीं तेज बारिश तो कहीं रिमझिम बारिश हो रही है। कई स्थानों पर बारिश से लोगों का हाल बेहाल है, तो वहीं दूसरी ओर अब घर की रसोई में बनने वाली हरि सब्जी भी लोगों की हालत बिगाड़ने वाली है। सब्जियों की फसल में जिस तरह से महंगाई की मार देखने को मिल रही है उससे लोगों को अब अपने मासिक बजट में ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, क्योंकि सब्जियों के दाम भी अब हर दिन आसमान छू रहे हैं। अगर आप हरी भरी सब्जियां खाने के शौकीन हैं तो अब आपको इसके लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। बारिश का समय चल रहा है. सब्जियां इस समय लोकल स्तर पर भी सप्लाई होने लगती हैं, लेकिन आलम ये है कि फिर भी सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

राम प्रकाश साहू बताते हैं कि वर्तमान में टमाटर 120, बैगन और भिंडी 70 रुपए किलो, बरबटी, गिलकी यानि रेरुआ, कटहल और करेला 90 रुपए किलो, शिमला मिर्च 80 रुपए किलो, परवल 100 रुपए किलो, खीरा 80 और प्याज 30 रुपए किलो, लहसुन 170 किलो प्याज, धनिया 100 रुपए किलो है, फूलगोभी 60 रुपए किलो, इतना ही नहीं इस सीजन में आलू सबसे आलू टमाटर सबसे महंगा है लेकिन वो भी 120 रुपए किलो है और लगातार इसमें तेजी भी आ रही है, जो कि चिंता का विषय है।

### पांच साल से लूट के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर शमयंक अवस्थी के निर्देशानुसार वारंटियों की धरपकड़ के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली गिरीश दुबे के नेतृत्व गठित टीम ने 7 जुलाई 2024 को पांच वर्ष से लूट के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी आनंद उर्फ अन्नी पिता रामलाल कौशल उम्र 22 साल निवासी लुनिया मोहल्ला गंज सीहोर को लुनिया मोहल्ला को गिरफ्तार कर उक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया।

## खेत पर काम कर रही महिलाओं के साथ मारपीट, चार घायल दबंगों पर कब्जा करने का आरोप, अमाझीर गांव की घटना

**सीहोर।** अमाझीर गांव में रविवार दोपहर दबंगों ने महिलाओं से मारपीट कर दी। चार महिलाएं घायल हुई हैं, इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल लाया गया है।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिले के ग्राम अमाझीर में रविवार दोपहर खेत पर काम कर रही महिलाओं के साथ दबंगों ने मारपीट की है। बताया गया है कि यह महिलाएं अपने खेत पर काम कर रही थी, इसी दौरान दो दर्जन से अधिक लोग हथियार लेकर खेत पर पहुंचे और महिलाओं के साथ मारपीट शुरू कर दी।



महिलाओं के मुताबिक इन लोगों का कहना था कि इस जमीन पर वह कब्जा करना चाहते हैं और महिलाओं ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। गांव के सोनू वर्मा ने बताया कि रेशम बाई, सोरम बाई, बिमला बाई और सीमा बाई के साथ मारपीट की गई है, जिसमें से दो महिलाओं रेशम बाई और बिमला बाई को ज्यादा चोट आई है। घायल महिलाओं ने बताया कि कुछ लोग अन्य स्थानों से गुंडे साथ लेकर आए और हमारे साथ बिना वजह मारपीट करने लगे।

**कहा- दबंग हमारी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं :** महिलाएं अपनी खुद की जमीन पर काम कर रही थी, लेकिन दबंग चाहते थे कि वह वहां पर कार्य न करें और गुंडों को खेत पर कब्जा करने दें। ग्राम की महिलाओं ने बताया कि जब गांव के दबंग लोग गुंडों को लेकर खेत की जमीन पर कब्जा करने आए थे। तब पुलिस भी मौके पर मौजूद थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की।

वहीं, इस संबंध में मंडी थाने के प्रभारी टीआई राकेश पंथी का कहना है कि अमाझीर में हुई इस घटना के बारे में उन्हें अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

## फरियादी ही निकला लूट का आरोपी, पांच लाख की झूठी लूट की वारदात का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पांच लाख रुपए की झूठी लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक संदेश जैन पिता चेतन जैन मेहता सेल्स नगर निगम इंदौर से गौतम मेहता का माल सीहोर डिलेवर करने के आया था। ताहिर भाई के यहां माल खाली कर पांच लाख रुपए लेकर अपनी पिकअप से वापस इंदौर जा रहा था। जैसे ही में सीहोर स्थित गणेश मंदिर रोड ईदगाह के पास दशहरा बाग पास पहुंचा, तो चार अज्ञात आरोपियों के द्वारा मारपीट कर पांच लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने एक टीम गठित कर लूट की घटना का पर्दाफाश कर झूठी लूट की घटना की कहानी बनाने वाले आरोपी आरोपी संदेश जैन व उसके साथी अभि मालवीय को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### नर्सिंग फर्स्ट ईयर की परीक्षा 6 अगस्त से

**सीहोर।** मप्र आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर, पीबी बीएससी फ़र्स्ट ईयर और एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया है। इसमें पीबी बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 6 अगस्त से शुरू होकर 2 सितंबर तक चलेंगे। बीएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 8 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे वहीं, एमएससी नर्सिंग फ़र्स्ट ईयर के एग्जाम 13 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त तक चलेंगे।

## जुलाई में दस दिन विवाह मुहूर्त, इसके बाद नवंबर तक करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

साल 2024 में सूर्य के शुक्र राशि में जाने के कारण अप्रैल माह के बाद मई और जून में शादी का शुभ मुहूर्त नहीं था। इस कारण विवाह जैसे मांगलिक कार्यक्रमों पर रोक लग गई। अब विवाह और मांगलिक कार्यक्रमों के लिए इंतजार खत्म होने वाला है। जुलाई माह से विवाह मुहूर्त शुरु हो जाएंगे और 17 जुलाई तक इस माह विवाह के दस मुहूर्त हैं। इसके बाद फिर नवंबर माह तक विवाहों के लिए इंतजार करना होगा। नवंबर में 17 नवंबर विवाहों के मुहूर्त शुरु होंगे। दरअसल जुलाई माह में 7,9, 10, 11, 12, 13, 14, 15,16,व 17 को विवाह मुहूर्त हैं, जो इस माह के दस दिनो विवाह नहीं कर पाएगा उसे चार माह विवाह के लिए इंतजार करना पड़ेगा।



**17 जुलाई को देवशयनी एकादशी व्रत :** इस बार पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल एकादशी की पावन तिथि 16 जुलाई को रात 8 बजकर 33 मिनट पर शुरु है और इसका समापन 17 जुलाई को रात 09 बजकर 02 मिनट पर होगा। उदयातिथि के आधार पर देवशयनी एकादशी का व्रत 17 जुलाई दिन बुधवार को रखा जाएगा और व्रत का पारण गुरुवार को होगा। इसके साथ ही चातुर्मास का प्रारंभ होगा। इसकी वजह से 4 माह तक कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होंगे। इसमें शादी, मुंडन, गृह प्रवेश आदि जैसे सभी शुभ कार्य बंद हो जाएंगे। देवशयनी एकादशी की पूजा आप ब्रह्म मुहूर्त से कर सकते हैं। इस दिन सुबह से ही सर्वार्थ सिद्धि योग बना है, जिसमें किए गए कार्य सफल सिद्ध होंगे। इस साल की देवशयनी एकादशी पर 4 शुभ योग बन रहे हैं। देवशयनी एकादशी वाले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग, शुभ योग और शुक्ल योग बने हैं। ये सभी योग पूजा पाठ और शुभ कार्यों के लिए अच्छे माने जाते हैं।

## दोनों टीमों के बीच दो मैच खेले गए, दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता

# कलेक्टर 11 और सीईओ 11 के बीच आलादाखेड़ी मैदान पर खेला गया दस-दस ओवर का मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आलहादाखेड़ी स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में कलेक्टर इलेवन और सीईओ इलेवन के बीच क्रिकेट मैच के दो मुकाबले खेले गए। कलेक्टर इलेवन की टीम की कप्तानी कलेक्टर प्रवीण सिंह और सीईओ इलेवन की टीम की कप्तानी जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने किया। एक मैच 20 ओवर का और दूसरा मैच 10 ओवर का खेला गया। दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीता।

पहले खेले टी-20 मैच में सीईओ इलेवन ने 3 विकेट से जीत हासिल की। इस मैच में सबसे अधिक 53 रन खनिज अधिकारी राजेंद्र परमार ने बनाए। सबसे



अधिक 5 विकेट तहसीलदार भारत नायक ने लिए। दूसरे 10 ओवर के मैच में कलेक्टर इलेवन ने 43 रन से जीत हासिल की। इस मैच में सबसे अधिक 47 रन एसपी



मयंक अवस्थी ने बनाए तथा कलेक्टर प्रवीण सिंह ने 33 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच तहसीलदार भारत नायक रहे। टीमों में एसपी मयंक अवस्थी, संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह एसडीएम तन्मय वर्मा, तहसीलदार भारत नायक सहित अन्य जिलाधिकारी टीम में शामिल थे।

### नपा ने यात्रा वाले मार्ग को बनाया जीरो वेस्ट

**सीहोर।** इस साल भी शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से निकाली जाने वाले भव्य रथ यात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष राठौर मंदिर में भव्य



आरती में शामिल भी रहे थे, वहीं नगर पालिका का मंच बनाकर प्रांतीय अध्यक्ष सूरज प्रसाद परमार, मंडलोई चंदर सिंह परमार, पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह के अध्यक्ष हरीश परमार, निर्माण समिति के अध्यक्ष अनार सिंह का स्वागत किया। रविवार को शहर में निकाली गई रथ यात्रा ऐतिहासिक रही। नगर पालिका टीम मुस्तैद रही। यात्रा वाले मार्ग पर सुबह सफाई व छिड़काव कराया गया था। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों व क्विक एक्शन टीम लगाई गई थी। रथ यात्रा को नपा टीम ने जीरो वेस्ट बनाया। यात्रा के पीछे चलने वाले अमले ने स्वागत सत्कार में फूल माला, प्लास्टिक के पाऊज आदि सड़क से साफ किए। मंच पर स्वागत करने वालों में भाजपा नेता सन्नी महाजन, प्रदीप बिजोरिया, संतोष शाक्य, नरेन्द्र राजपूत, अजय पाल, प्रदीप गौतम, शैलेन्द्र परमार, आशुतोष त्यागी, आशीष पचौरी सहित बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### लाडली लक्ष्मी योजना से मिल रही मदद

**सीहोर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के सुखद भविष्य को लेकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन्हें जमीनी स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इन योजनाओं से प्रदेश के लाखों लोग लाभांवित हो रहे हैं। इन्हीं जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक लाडली लक्ष्मी योजना भी है, जो बालिका जन्म के प्रति जनता में सकारात्मक सोच, लिंग अनुपात में सुधार, बालिकाओं की शैक्षणिक स्तर के साथ ही स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से संचालित है। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से सीहोर शहर की शिवानी यादव की बेटी लाडली वैष्णवी भी लाभान्वित हुई है। शिवानी बताती है कि वैष्णवी का पंजीयन लाडली लक्ष्मी योजना में कराने से मुझे अपनी बेटी की शिक्षा एवं विवाह की कोई चिंता नही है। योजना के तहत वैष्णवी की शिक्षा के साथ ही उसकी शादी के लिए भी धनराशि प्रदान की जाएगी। प्रदेश सरकार की यह लाडली लक्ष्मी योजना मेरे जैसी अनेक माताओ को अपने बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने में मददगार है। शिवानी ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया है।

### नव चेतना सेवा समिति ने की विद्यार्थी की मदद

**सीहोर।** लंबे समय से समाजसेवा और धार्मिक कार्य में सक्रिय रहने वाली नव चेतना सेवा समिति ने एमबीबीएस विद्यार्थी के सहयोग के लिए आगे आई है। समिति का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मेधावी और प्रतिभावान विधार्थियो को मदद करना रहा है। हाल ही में फिर एक मेडिकल विद्यार्थियों की मदद के लिए समिति आगे आई। विद्यार्थी अभय चौहान ग्राम सेंधुखेड़ी तहसील आष्टा जिला सीहोर से शासकीय बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय सागर मे अध्यनरत है। विद्यार्थी ने बताया कि उसकी की बहन कैंसर से पीड़ित है और विद्यार्थी के पिता भी नहीं है तथा आर्थिक हालत भी ठीक नहीं है और बहन के इलाज में अपनी फीस के पैसे खर्च कर दिए। विद्यार्थी को अपनी मेडिकल की फीस नहीं हो पा रही थी तो ऐसे मे विधार्थी ने नव चेतना सेवा समिति से संपर्क किया तथा समिति से मदद की इच्छा जाहिर की समिति तुरंत विद्यार्थी की मदद के लिए आगे आई और विद्यार्थी की मेडिकल कॉलेज की फीस में आर्थिक सहयोग किया।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी। भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रुपये पेंशन के रूप में प्राप्त होगी।

### नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना

# मरीह माता मंदिर में चल रहा दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ

पंडित मनोज दीक्षित ने बताया कि नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा करने का विधान है। माता के नाम से उनकी शक्तियों के बारे में जानकारी मिलती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी का अर्थ है आचरण करने वाली अर्थात तप का आचरण करने वाली ब्रह्मचारिणी को हमन बार बार नमन करते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस साल भी शहर के विश्रामघाट के समीपस्थ मरीह माता मंदिर पर आषाढ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर दिव्य अनुष्ठान और विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यहां पर सुबह और शाम को आरती की जाती है। इसके अलावा प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार किया जाता है। नवरात्रि के दूसरे दिन मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मंदिर में सुबह और शाम को दुर्गा चालीसा और दुगा सप्तशती का पाठ किया जाता है। इसके अलावा मंदिर में देवी के स्वरूप पर चर्चा की जाती है। साधकों के द्वारा नौ देवी के अलावा माता दुर्गा के 10 महाविद्याओं का पूजा की जाती है। पंडित दीक्षित ने बताया कि नवरात्र के दूसरे दिन मां दुर्गा के देवी ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा करने का विधान है। माता के नाम से उनकी शक्तियों के बारे में जानकारी मिलती है।

ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी का अर्थ है आचरण करने वाली अर्थात तप का आचरण करने वाली ब्रह्मचारिणी को हमन बार बार नमन करते हैं। माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अराधना करने से आत्मविश्वास, आयु, आरोग्य, सौभाग्य, अभय आदि की प्राप्ति होती है। माता ब्रह्मचारिणी को ब्राह्मी भी कहा जाता है। मां भगवती की इस शक्ति की पूजा अर्चना कने से मनुष्य कभी अपने लक्ष्य से विचलित नहीं होता और सही मार्ग पर चलता है। मां दुर्गा ने पार्वती के रूप में पर्वतराज के यहां पुत्री बनकर जन्म लिया और महर्षि नारद के कहने पर अपने जीवन में भगवान महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी।

हजारों वर्षों तक अपनी कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी पड़ा। अपनी इस तपस्या की अवधि में इन्होंने कई वर्षों तक निराहार रहकर और अत्यन्त कठिन तप से महादेव को प्रसन्न कर लिया। उनके इसी तप के प्रतीक के रूप में नवरात्र के दूसरे दिन इनके इसी रूप की पूजा और स्तवन किया जाता है।

## वन विभाग ने की कार्रवाई, सागौन के 19 नग सहित 5 मोटरसाइकिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लाख प्रयासों के बाद भी जंगल में माफिया सक्रिय हैं। उन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। लाड़कुई क्षेत्र में चोरी से सागौन ले जा रहे बदमाशों की घेराबंदी के बाद वन विभाग ने उनके कब्जे से 19 नग सागौन के जब्त किए हैं। हालांकि बदमाश हाथ नहीं आए वे अपनी मोटर साइकिल छोड़कर भाग निकले। वन विभाग ने पांच मोटर साइकिल भी जब्त की है। घटना रात करीब 2.30 बजे की है। बता दें कि शुक्रवार-शनिवार की रात लाड़कुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद्र उइके द्वारा दल बनाकर बिलाखेड़ा से भिलाई मार्ग पर चैकिंग पाइंट लगाया था। दल में वनपाल देवी सिंह, अशोक सोलंकी, शरद रंजन, वनरक्षक यशवंत गोयल, अमर सिंह रावत स्थाई कर्मी रायसिंग बारेला, चेनपाल यादव तथा वाहन चालक अर्जुन यादव और रामनिवास यादव इस दल में शामिल थे। रात करीब 2.30 बजे मार्ग पर एक वाहन आते दिखाई दिए। जिन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालक नहीं रुके और उन्होंने रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास किया। पहले तो वे दोगुनी रफ्तार से वाहन को भागने लगे, लेकिन खुद को घिरता देख वे जंगल में ही लकड़ी और अपनी बाइकें छोड़कर अंधेरे में भाग निकले। वन अमले ने 19 नग सागौन जिसकी क़ीमत 45 हज्जार रुपए और पांच मोटरसाइकिल जब्त की है। वन विभाग के अमले ने आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### किसानों से आग्रह है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त म.प्र. ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना को लागू कि है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे ई खसरा खतोनी ही लें। इस परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय बेवसाईट www.mpbhulekh.gov.in पर निःशुल्क देख सकता है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने रोपे विभिन्न पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा






मां हमारा अभिमान होती हैं और जब कोई अभियान मां के साथ जुड़ जाता है तो वह हर किसी का अभिमान हो जाता है। ऐसा ही एक अभियान एक पेड़ मां के नाम जो मां के साथ जुड़कर चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेशभर सहित सीहोर जिलेभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। सीहोर जिले के भेरूंदा में अभियान के दौरान अधिकारी, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों सहित आमजन भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

इस अभियान के तहत थाना परिसर भैरूंदा में एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान बीवीएम स्कूल के छात्र-छात्राएं स्कूल से रैली के साथ में थाना परिसर पहुंचे। सभी बच्चे रास्तेभर पेड़ लगाने का संदेश देते हुए चल रहे थे। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों ने एक पौधा मां के नाम लगाया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पर्यावरण के संदेश को लेकर नुक्कड़ नाटक भी किया। इसमें पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीपीओ दीपक कपूर, थाना प्रभारी घनश्याम दांगी, राजेश पंवार, नितिन मालवीय, मेहराब सिंग, अशफाक खान, बीबीएम स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भेरूंदा में भी बृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत अलग-अलग स्थान पर लगातार पौधारोपण करेंगे एवं शहर को हरा भरा और स्वच्छ बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान वाकई में अद्भुत पहल है और इस अभियान के तहत भेरूंदा तहसील में लगातार पौधरोपण किया जाएगा। इससे पहले सीहोर में कलेक्टर प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी मां के साथ पौधरोपण किया था। इस दौरान 200 से अधिक पौधे कलेक्टर परिसर में लगाए गए थे। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अपनी मां के साथ पौधा लगाया थे और उन्हें अपने कार्यालय का भ्रमण भी कराया था।

## पॉक्सो एक्ट के संबंध में पैरालीगल वॉलंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि, पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत पीड़ितों को वांछित सहायता उपलब्ध कराने के लिए सपोर्ट पर्सन नियुक्त किये जाने का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में पॉक्सो अधिनियम में सपोर्ट पर्सन के कार्यों एवं पॉक्सो अधिनियम के अन्य सुसंगत प्रावधानों के बारे में सरल शब्दों में जानकारी देते हुए सभी को बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए अधिक सजग एवं सक्रिय होने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में नालसा के जेल में निरूद्ध किशोरों की पहचान तथा विधिक सहायता उपलब्ध कराने सम्बंधी अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जेल में निरूद्ध किशोरों की पहचान करने तथा उनके मामलों की कार्यवाही किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरण के सम्बंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों, किशोर न्याय बोर्ड की कार्य प्रणाली एवं बच्चों से संबंधित प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सम्बंध में भी सभी को जागरूक होने तथा ग्राम स्तर पर इसे अपनाने हेतु प्रयास करने को कहा गया।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सुमन श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके वर्मा, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड मानसी बालूजा, बाल कल्याण समिति पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैनल लॉयर्स एवं जिला मुख्यालय सीहोर के पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित हुए।

## किसानों ने काम रोका, एसडीएम के समझाने पर माने




**भैरूंदा।** इन्दौर-बुधनी नई रेल लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है ऐसे में भैरूंदा तहसील के ग्राम पंचायत राला के किसानों अपनी मांग मनवाने के लिए अपने खेतों से रेलवे लाइन का काम रोका था। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी के आश्वासन पर रेलवे का निर्माण कार्य शुरू कराया।

भैरूंदा के ग्राम पंचायत राला के किसानों के खेतो से रेलवे लाईन का निर्माण कार्य किया जाना था, लेकिन ग्राम पंचायत राला के किसानों ने अपने खेतो में रेलवे का निर्माण कार्य नहीं करने दिया किसानों का कहना था मुआवजे की राशी चार गुना दी जाए।

इस दौरान रेलवे का काम ठप पड़ा हुआ था अपनी मांगों को लेकर किसानों विरोध प्रदर्शन जारी था। रविवार को ग्राम पंचायत राला के किसानों से भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। जिसके बाद रेलवे का कार्य प्रारंभ करवाया गया। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार सौरभ शर्मा सहित पुलिस प्रशासन रेलवे टीम, रेवेन्यू डिपार्टमेंट की टीम के द्वारा ग्राम राला में किसानों के द्वारा किए जा रहे विरोध को सहमति से सुलझा कर रेलवे विभाग डिप्टी मैनेजर तथा ठेकेदार को मौके पर कब्जा दिला कर कार्य शुरू कराया।

## अग्रवाल महासभा ने पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प




**सीहोर।** पुरे विश्व मे पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित करने के लिये पौधरोपण करना जरूरी है। जिस प्रकार मानव जीवन मानव जीवन के लिये आक्सिजन जरूरी है, उसी प्रकार मानव जीवन का बचाने के लिये पौधरोपण करना जरूरी है। मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की जिला इकाई सीहोर एवं सामाजिक संस्था अग्रसोच सौशल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को 108 फल फूल व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ व्यापारी एवं अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष माधव प्रसाद अग्रवाल, विशेष रूप से वरिष्ठ समाजसेवी मातादीन अग्रवाल, विशेष अतिथि अग्रवाल महिला महासभा की अध्यक्ष अंजु अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सोनू गोयल के अतिथ्य एवं अग्रसोच सौशल फाउण्डेशन के सचिव आशीष गुप्ता की अध्यक्षता में पौधरोपण कार्यक्रम भगवान गणेशजी, माता महालक्ष्मी एवं अग्रकुल प्रर्वतक अग्रसेन जी की जयघोष के साथ पौधरोपण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। उपस्थित अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए पौधरोपण को अति महत्वपूर्ण बताते हुए हर नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माधो प्रसाद अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए पेड़ पौधों को हमारे जीवन का आधार बताते हुए कहा कि पृथ्वी पर बिना पेड़ पौधे, पानी व हवा के बीना जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। इसलिये पृथ्वी को बचाने के लिये पौधरोपण बहुत जरूरी हो गया है। समाजसेवी नन्दकिशोर मोदी नन्दु भैया ने उपस्थित सभी नागरिकों को पौधा लगाने एवं उसके संरक्षण के लिये संकल्प दिलाया। इस अवसर पर रानू मोदी, नीतू गुप्ता, मनीषा मोदी, रेखा गोयल, पूजा अग्रवाल, नरेश गोयल, अशोक गोयल, एआरशेख मुंशी, मुकेश यादव, संतोष अग्रवाल, सुनील गोयल, अमित बंसल, पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पुरुषोत्तम मीणा, समाजसेवी पंकज शर्मा, राजेन्द्र नागर, कमलेश शर्मा, शंकर लाल शर्मा, निशांत गोयल, दीपक गोयल, नरेश गोयल, राखी गोयल, खुशी गोयल, पूजा गोयल, दीपाश गोयल आदि उपस्थित रहे।

### राजस्व मंत्री वर्मा ने इछावर में आयोजित कार्यक्रम में किया पौधरोपण

# मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें : करण सिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर जनपद के ग्राम पंचायत बावडिया नौआबाद में ‍एक पेड़ मां के नाम के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए तथा पौधरोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए आज पेड़ लगाना आवश्यक है। मां जीवनदात्री होती है, मां के नाम से कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं एवं उसकी देखभाल करें। ताकि भविष्य में उत्पन्न होने वाले खतरे को कम किया जा सके स्वस्थ वातावरण बन सके । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश सरकार अनेक योजनाओं के माध्यम से जनता के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा जनता के लिए लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क राशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना एवं अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं से जनता को लाभ मिल रहा है।

## युवा चेतना शिविर में लिया 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प



**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार सीहोर के तत्वावधान में जिला युवा चेतना शिविर का एक दिवसीय कार्यक्रम शनिवार, 6 जुलाई 2024 को गायत्री शक्तिपीठ नदी चौराहा सीहोर में आयोजित किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के युवा मण्डल के सदस्य, सभी तहसील से आये भोपाल जोन समन्वयक आर.पी.हजारी, गृह-गृह यज्ञ प्रभारी रमेश नागर, भोपाल युवा प्रभारी दयानन्द सवेले द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। मीशन के सक्त आन्दोलनों को गति देने एवं युवा साथियों को तीन दिवसीय ऑन लाईन प्रशिक्षण शांतिकुंज हरीद्वार से जुडऩे हेतु पंजीयन की बात कही गई। आगामी प्रांतायी युवा सम्मेलन को तहसील स्तरीय तैयारी हेतु प्रेरित किया गया। वर्तमान समय में युवाओं को नशे से बचाने के लिये प्रत्येक तहसील में एक-एक दिवसीय युवा सम्मेलन रखने की बात कही एवं सभी तहसील प्रभारियों ने सीहोर जिले में 11 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। इसी कड़ी में रविवार को खेल ग्राउण्ड आ ई टी आ ई कालेज के पास माना बुधनी में प्रातः 9:30 बजे से किया जायेगा। जिला युवा संयोजक मनोहर सिंह दांगी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित नवयुवकों को धन्यवाद दिया।

# रोजगार के लिए निजी कंपनी के साथ मिलकर खोलेंगे कौशल विकास केंद्र : मंत्री टेटवाल

## कौशल विकास मंत्री ने गिनाईं 124 दिनों की उपलब्धियां, सारंगपुर में खुलेगा शासकीय आईटीआई, टांटिया मामा की लगेगी प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार एवं मूलभूत सुविधा के लिए धन की कमी नहीं होगी। सारंगपुर की कालीसिंध नदी में नगर का गंदा पानी बाहर करने के लिए योजना की स्वीकृति कराई गई है।

इसी के साथ पचोर सारंगपुर अस्पतालों में बहातर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संपूर्ण प्रयास जारी हैं। अन्य उप स्वास्थ्य केंद्रों को भी डॉक्टरों की पूर्ति की गई है। इसी के साथ नगर से निकलने वाले पुराने एबी रोड़ का शीघ्र ही चौड़ीकरण एवं सौंदर्य करण के कार्य के साथ कपिलेश्वर लोक सहित टंट्या मामा की प्रतिमा लगाने के साथ ही दो हजार लोगों को ठहराने के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण भी कराया जाएगा। यह बात कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री स्थानीय विधायक गौतम टेटवाल ने प्रेस वार्ता में बताई।

### निजी कंपनियों के साथ मिलकर खोले जाएंगे कौशल विकास केंद्र

कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री स्थानीय विधायक गौतम टेटवाल ने युवा पीढ़ी के भविष्य एवं स्वावलंबी भारत की बुनियाद को ध्यान में रखते हुए लिए शासकीय आईटीआई के साथ ही निजी कंपनियों के माध्यम से प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे। इसी के साथ ही बुनकरों के लिए भी कौशल विकास के माध्यम से गति दी जाएगी।



### फसलों के अनुसार डाली जाएंगी प्रोसेसिंग यूनिट

*क्षेत्र में कृषि उद्यानिकी को लेकर बड़े स्तर पर योजना बनाई जा रही है। सारंगपुर का संतरा, सीताफल, जामफल सहित अन्य कृषि फसलों की योजना अनुसार यूनिट स्थापित की जायेगी। नगर के विकास में किसी भी प्रकार से धन की कोई कमी न होगी । विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मेरा लक्ष्य हे उक्त बात जन संपर्क विभाग द्वारा आयोजित बैठक के दौरान सारंगपुर के निजी होटल में कौशल विकास स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री स्थानीय विधायक गौतम टेटवाल ने प्रेस वार्ता में कहीं।*

### एक पौधा अपनी मां के नाम जरूर लगाएं

*उन्होंने अपने 124 दिन के कार्यकाल की उपलब्धी गिनाते हुए मीडिया से अपेक्षा करते हुए कहा की एक पौधा अपनी मां के नाम लगाएं और वसुंधरा को सजाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इसके पूर्व उन्होंने गौ माता की रक्षा के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा उठाए गए कदम के साथ ही मीडिया के माध्यम से जनता से अपील की है की गौ माता को गौशाला में भेजें । साथ ही घायल अवस्था में गौ माता का सुचारू रूप से उपचार कराते हुए पशु चिकित्सालय में उपचार कराए।*

## पानी निकासी की नहीं है व्यवस्था

# आधे घंटे की बारिश से मचा हाहाकार, दुकानों में घुसा पानी




नालियां पड़ी हैं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

शुक्रवार शाम नगर में करीब 7 बजे के आसपास हुई आधे घंटे की बारिश से हाहाकार मच गया। मुख्य बाजार की दुकानों में पानी घुसने से लगा। लोग दुकानों का सामान उठाकर ऊंचे स्थानों पर रखने लगे। पानी भराव का कारण मेन मार्केट के पास स्थित पुलिया की दोनों और बनी नालियों को नगर पालिका के इंजीनियरों द्वारा बंद करा दिया था। जबकि वर्षों से ही उक्त स्थान से दोनों नालियों का पानी वहीं से निकलता था। लेकिन असरदार लोगों ने अपने के लिए फायदे ऊंचे स्तर पर शिकवा शिकायत कर पुलिया को पूर्ण रूप से बंद करा दी जिसका खामिया स्थानीय लोगों को भोगना पड़ा। जब पानी घुसने की खबर नगर परिषद के अमले को लगी तो जेसेबी के माध्यम से उक्त पुलिया को पुन खुलवाया गया। गंभीर समस्या को देखते हुए वार्ड 07 के पार्षद राजू मीणा एवं वार्ड 13 के पार्षद अनिल दरबार ने भी मौके पर पहुंचकर बरसते पानी में पुलिया को खुलवाने में सहयोग किया। तब जाकर बाजार में भरा पानी निकला गया। जबकि यहां पदस्थ इंजीनियरों ने भी बिना मौका देख ही पुलिया बंद कर दी जोकि जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जल भराव की स्थाई समस्या हल करने पहुंचे विधायक मोहन शर्मा

**कुरावर।** शुक्रवार की शाम 6 बजे से हुई लगातार 2 घंटे की बारिश में पिछले कई माह से मुख्य मार्ग पर बने लोक निर्माण विभाग की पुलिया एवं वार्ड क्रमांक 7 में जल भराव की समस्या को लेकर विवाद ग्रस्त स्थिति बनी हुई थी। जिसमें पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों ने मुख्य मार्ग पर पुलिया के गेट बंद कर दिए थे। उसके बाद शुक्रवार शाम को नगर के मुख्य मार्ग पर बारिश का पानी इकट्ठा होने लगा जो दुकानों में प्रवेश कर गया।

विधायक मोहन शर्मा ने दूरभाष पर वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों से बात कर पुलिया के गेटों को खुलवाया। रात्रि 9 बजे तक नगर परिषद के सब इंजीनियर अमन मुकदल, नगर परिषद के कर्मचारी कमला प्रसाद चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, दरोगा संजू वाल्मीकि ,रिंकू वाल्मीकि आदि ने रात्रि 9 बजे तक पुलिया के गेटों को खोलकर मुख्य मार्ग का पानी निकलवाया तब जाकर मुख्य मार्ग के लोगों को राहत मिली। वहीं शनिवार को दोपहर 4 बजे के करीब क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा मुख्य मार्ग पर बनी लोक निर्माण विभाग की पुलिया को देखने पहुंचे तो वहीं वार्ड क्रमांक 7 के रहवासियों से



मिलकर उन्होंने समझने का स्थाई हल खोजने की बात कही। वहीं उन्होंने इस मार्ग पर निजी भू-स्वामी हेमंत अग्रवाल से दूरभाष पर चर्चा कर उनसे आग्रह किया कि लगभग चार-चार फीट की नली दोनों तरफ बन जाए जिससे कि पानी का भराव भविष्य में नहीं हो पाएगा। इस दौरान उनके साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.वी. सिंह, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, अनिल दरबार, मनोहर मंडलोई, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, जगदीश विश्वकर्मा राकेश मीना, अनोखी लाल गोटिया, प्रेमदास वैष्णव, सुनील सक्सेना संजय सिंह, नगर परिषद के सब इंजीनियर अमन मुकदल, अरुण शर्मा आदि उपस्थित थे।

## प्रबंधक और सहायक कर्मचारी पर धोखाधड़ी करने का लगाया आरोप

**जीरापुर।** गंगा श्री स्वसहायता समूह नाटाराम ने प्रबंधक एवं सहायक कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी करने एवं स्व सहायता समूह की 1800 रुपये की राशि वापसी नहीं करने का आरोप लगाया है। नाटाराम निवासी बैजनाथ दांगी ने बताया कि मेरी पत्नी तुलसीबाई सहित गांव की 10 महिलाओं ने जीरापुर के छापीहेड़ा रोड स्थित एचडीएफसी बैंक शाखा के व्यापारी सहायक बैंक सेवा केन्द्र से गंगा श्री स्व सहायता समूह के नाम से 6/12/2019 को 35 हजार का लोन लिया था, जो 18 महीने में बैंक को किस्तों के द्वारा लौटाया गया। बैंक के द्वारा 1550 रुपए की निर्धारित किस्त से 100 रुपये अधिक वसूला गया। जिसका हमारा द्वारा विरोध करने पर बैंक के कर्मचारियों ने बताया कि आपका लोन क्लोज होने के बाद आपको 18 सौ रुपए वापस मिल जाएंगे और बैंक के द्वारा यह भी कहा कि लोन के दौरान अगर किसी महिला की मृत्यु हो जाती है तो उसे बीमा क्लेम दिया जाएगा। लेकिन मेरी पत्नी तुलसी बाई की करीब 1 साल पहले मौत होने के बाद भी आज तक मुझे क्लेम नहीं दिया जा रहा है। बार-बार बैंक का चक्कर लगाकर परेशान हो चुका हूं। अब इनकी शिकायत में राजगढ़ कलेक्टर साहब से करूंगा। जब बैंक के कर्मचारियों से 100 अधिक वसूलें जाने के बारे में पूछा गया तो कर्मचारियों के द्वारा बताया जाता कि वह प्लेंटी में कट गया अब वह 18 सौ रुपए आपको वापस नहीं मिलेंगे। मृतक महिला के पति ने बताया कि हमें कोई उचित जवाब नहीं दिया जा रहा है, जबकि स्व सहायता समूह गरीब वर्ग द्वारा बनाए जाते हैं।

## वार्ड 13 की इस बदहाल सड़क से गुजरते हैं सैकड़ों बाशिंदे

# पूर्व राज्यमंत्री के वार्ड में ही अर्से से बदहाल पड़ी है सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर के विभिन्न वार्डों की आंतरिक सड़कें इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। मुख्य मार्ग का आधा हिस्सा तो राहगीरों, वाहन चालकों की परेशानी है ही लेकिन कुछ आंतरिक सड़कें इतनी ज्यादा खराब हो चुकी हैं कि पैदल चलने वालों के साथ ही वाहनों को चलाने में भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

एक ऐसी ही आंतरिक सड़क नगर के वार्ड क्रमांक-11 में बैंक ऑफ इंडिया के टर्न से आरंभ होकर तिलक मार्ग, महाराणा प्रताप मार्ग वाली है। उक्त सड़क के समीप ही पूर्व राज्यमंत्री एवं खादी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा भी निवास करते हैं जो भाजपा के जिले में वरिष्ठतम जनप्रतिनिधियों में शामिल हैं। इस सड़क का निर्माण पूर्व नपाध्यक्ष प्रेम साहू के समय तत्कालीन पार्षद श्रीमती नामदेव के कार्यकाल में करवाया गया था। तब से लेकर अब तक यह सड़क इतनी अधिक खराब हो चुकी है कि यहां से निकलना तक दुष्वार है। अनेकों जगहों पर लोगों ने अपनी सहुलियत से ब्रेकर बनवा लिए तो



अनेकों स्थानों पर पाइप लाइनों के खोदे जाने से पूरा मार्ग खराब हो चुका है।

### प्रतिदिन सैकड़ों लोगों और वाहनों की आवाजाही

इस सड़क से न केवल वार्ड-13 बल्कि वार्ड 11 के भी सैकड़ों लोगों व स्थानीयजनों का आना-जाना लगा रहता है। वार्डवासियों ने स्थानीय पार्षद पांचू दांगी से मांग की है कि प्राथमिकता से सड़क का निर्माण करवाया जाए।

### इनका कहना है...

सड़क का प्रस्ताव तो बना चुका है, अब उस पर आगे की कार्रवाई करवाना है। मैं इसे प्राथमिकता में लेकर सड़क का निर्माण करवाऊंगा।

**- पांचू दांगी,** पार्षद वार्ड-13, राजगढ़

# मेन मार्केट में पशुओं का जमावड़ा, अक्सर हो रही दुर्घटनाएं

## एक सैकड़ा से अधिक मवेशी बने परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर गौवंश सहित अन्य पशुओं के जमावड़े से अब अनेकों समस्या पैदा होना शुरू हो गईं हैं। मेन मार्केट की सड़क के किनारे-किनारे ही सब्जी बाजार लगने से पूरे बाजार, चौक-चौराहों पर पूरे दिन पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है।

नाका नंबर-3, बैंक ऑफ इंडिया, सोल्डर क्लब, जय स्तंभ चौक, पारायण चौक, गणेशजी की छतरी, शिवजी की छतरी आदि स्थानों पर एक सैकड़ा से अधिक गायें पूरी दिन बैठी एवं विचरती रहती हैं। सब्जियों की दुकानों से निकलने वाले अनुपयोगी अपषिष्ट के कारण ये मवेशी पूरे दिन मेन मार्केट में डेरा जमाए रहते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है बल्कि




दुर्घटनाएं भी होना शुरू हो गई हैं। नगर पालिका के कर्मचारी इन मवेशियों को मार्केट से भगा देते हैं लेकिन वे कुछ देर बाद पुनः सड़क पर ही आ जाते हैं। मवेशियों को सड़क से बार-बार भगाने से समस्या का स्थाई निदान नहीं हो पा रहा है। गायों के साथ ही कुछ बड़े सांड तो अनेकों बार सडक व चौराहे के बीचो-बीच लड़ते तक देखे गए हैं। लड़ाई के बीच आम राहगीर जैसे-तैसे बचकर निकलने की कोशिश करते नजर आते हैं। रहवासियों ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि इन मवेशियों को गौशाला या अन्यत्र स्थानों पर भिजवा दिया जाए।

अस्पतालों में पेंडिंग पड़े हैं अनेकों आवेदन

# स्लो चल रहा जन्म पंजीयन पोर्टल बच्चों के स्कूलों के एडमिशन बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों विभिन्न निजी एवं शासकीय स्कूलों में बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य है लेकिन अस्पतालों में जन्म प्रमाण-पत्र जनरेट एवं सुधार करने वाला पोर्टल ही इन दिनों बहुत धीरे चल रहा है।

जिला अस्पताल में ही करीब 500 से अधिक आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं जिसके चलते स्कूलों में बच्चों का प्रवेश नहीं हो पा रहा है। जिला अस्पताल के साथ ही ब्यावरा, नरसिंहगढ़ व अन्य अस्पतालों के केंद्रों पर भी पोर्टल के बहुत धीमे चलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में जन्म-मृत्यु सिर्टफिकेट केंद्र के कर्मचारी जीतेंद्र सोनगिरा ने बताया कि एक प्रमाण-पत्र में सुधार में ही कमसकम आधा घंटा लग रहा है। ऐसे में बहुत से आवेदन पेंडिंग हो चुके हैं। यह पोर्टल के धीमे चलने के कारण हो



रहा है। उधर, स्कूलों ने अभिभावकों से कह दिया है कि जब तक प्रापर बर्थ सर्टिफिकेट नहीं होगा, तब तक एडमिशन नहीं हो पाएंगे। उक्त समस्या के चलते स्कूलों में एडमिशन न होने को कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने संज्ञान लिया है।

उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश प्रसारित किए हैं कि बच्चे को स्कूल में ले लिया जाए। जन्म-प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज भले ही कुछ दिन बाद अपडेट करवा लिए जाएं।

## घर में बिजली के तार जोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम काल्याखेड़ी में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक युवक अपने घर में बिजली का तार जोड़ रहा था, उसी दौरान उसे करंट लगा। युवक के परिजन उसे घायल अवस्था में सिविल अस्पताल जीरापुर लेकर आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। काल्याखेडी गांव निवासी भगवानसिंह पिता पृथ्वी सिंह भिलाला उम्र 40 साल अपने घर में ही बिजली के तार लगा रहा था। करंट लगने से वह मौके पर गिरा। परिजन उस युवक को तुरंत ही सिविल अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया दिया। पुलिस ने पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## 40 से ज्यादा युवाओं ने ज्वॉइन की करणी सेना

# बडोदिया तालाब में पंचायतस्तर हुआ करणी सेना परिवार का गठन



**नरसिंहगढ़।** 6 जुलाई को पंचायतस्तर के गठन के लिए करणी सेना परिवार की बैठक तीज बड़ली मंदिर पर रखी गई। जिसमें ठिकाना-बड़ोदिया तालाब में 40 से ज्यादा युवा करणी सेना के सदस्य बने एवं पंचायत अध्यक्ष व ग्राम अध्यक्ष के नियुक्ति पत्र दिए गए। ग्राम पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह परिहार को नियुक्त किया गया एवं ग्रामपंचायत उपाध्यक्ष राहुल सिंह चौहान एवं नरेंद्र सिंह सिसोदिया को सचिव नियुक्त किया गया। मीटिंग में अ.भा.क्ष.महासभा के जिलाध्यक्ष मदरूप सिंह सोनगरा एवं छत्रवर्धन सिंह कड़यिाचंद्रावत, मयंक प्रताप सिंह मुवालिया जागीर जिला संयोजक, सुरेंद्र सिंह कड़यिाचंद्रावत तहसील अध्यक्ष, कृष्णपाल सिंह संवासी, जितेंद्र सिंह पालडियाबना, सतपाल सिंह पाडलीठाकुर आदि मौजूद रहे।

## आयोजन : मां के साथ किया पौधारोपण, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

# एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं पृथ्वी को हरा-भरा बनाएं : अमर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

खुजनेर नगर परिषद् एवं तहसील कार्यालय के संयुक्त आयोजन में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने अपनी मां के साथ आम का पौधारोपण किया। नगर की तहसील प्रांगण तथा मुक्तिधाम में वृहद पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक यादव ने सभी से पर्यावरण के संरक्षण हेतु पौधा लगाने तथा उसे पेड़ बनने तक उसकी सुरक्षा करने की बात कही, साथ ही कहा एक पेड़ माँ के नाम अभियान में अधिक से अधिक पौधारोपण करे। शासन द्वारा चलाई जा रहे इस कार्यक्रम के सहभागी बने शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में मांगलिक भवन, मुक्तिधाम, वाटर बॉक्स, ट्रेन्चिंग ग्राउंड, फिल्टर प्लांट, गणेश मंदिर पार्क तथा समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कुलो में पौधारोपण किया जाएगा। यह आयोजन लगातार दो दिन तक 7 एवं 08 जुलाई को भी वृहद पौधारोपण किया जाएगा।

मुख्य नगर पलिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा नगर के समस्त नागरिको से अपील की अपनी माँ की याद में तथा माँ की उपस्थिति में माँ के साथ पोधा रोपण करे तथा फोटो मेरी लाइफ पोर्टल पर अपलोड करे तथा उस पोधे की तीन वर्ष तक देख रेख करे जिससे वह सुरक्षित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय, रणधीर सिंह मीना, केदार काका, नपा अध्यक्ष कैलाशी बाई यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष पंकज शर्मा, पार्षद कमल यादव, बीरम वर्मा, मुकेश यादव, रामचरण यादव, इलियास मेवाती, निर्मल जाटव, कैलाशनारायण यादव, दिनेश यादव, सचिन यादव, सुरेश यादव, सहित गणमान्य नागरिक समस्त तहसील एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।



## हाई स्कूल में न्यायाधीश और एलएनटी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने किया पौधरोपण




**जीरापुर।** कुंडलिया पेयजल परियोजना अंतर्गत एलएनटी कंपनी द्वारा जिले में 35000 पौधे लगाए जाएंगे। जिले को एक नया आयाम देने का संकल्प लिया पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति विनय कुमार तिवारी, न्यायाधीश भुपेन्द्र कुशवाह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएनटी कम्पनी से प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा, सेफ्रुद्दीन अहमद, बीईईओ जगदीश चंद्र बैरागी, प्राचार्य राधेश्याम पुरविया मैनेजर दिलिप सिंह, अभीषेक यादव द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की। संस्था द्वारा अतिथियों का माला एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा भिन्न भिन्न प्रजाति के पौधे लगाकर पौधारोपण कर पौधे लगाएं। साथ ही वसुधा अशोक, सागोन,करज, पारस पीपल देसी, नीम, बिलपत्र, झंगल इमली, जामुन, आवला सहित बहुत से बड़े-बड़े हरे भरे 551 पौधे शासकीय हाई स्कूल परिसर खारपा में पौधे लगाए गए।

खबर संक्षेप

## होम कंपोस्टिंग के लिए किया जागरूक



**आष्टा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना और सहयोगी संस्था एवीएस कंसलटेंसी एंड सर्विसेस की टीम के द्वारा नगर के वार्डों में जाकर महिलाओं को गीले कचरे के बारे में समझाया गया। इसी के साथ ही गीले कचरे से होम कंपोस्टिंग खाद बनाने के लिए विधि द्वारा समझाइश दी गई कि आप अपने घर से निकलने वाले गीले कचरा जैसे प्याज और आलू के छिलके, खराब सब्जियां हरा धनिया, राख, चाय की पत्ती, पेड पौधे की पत्तियां, खराब फल आदि पुराना पानी का एक बड़ा सा मटका लेकर उसमें यह सामग्री डालते रहिए। मटके को मुंह के बराबर भरे उसके बाद में मटके का मुंह बंद कर दो मटके में गीले कचरे सड़ने गलने लगेगा। फिर वह खाद के रुप में परिवर्तन हो जायेगा और आसानी से खाद बन जायेगा। घर पर खाद बनाने से गीले कचरे को कम किया जा सकता है ।

## सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**आष्टा।** संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरा में मान सिंह वर्मा सहायक ग्रेड 3 का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सभी अतिथियों ने उनको माला तथा शाल, श्रीफल तथा प्रतीक चिन्ह लेकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित बीईओ राजपूत ने कहा कि कर्मठ व लगनशील व्यक्ति मान सिंह बाबू हमारे शिक्षा के क्षेत्र के केंद्र बिंदु रहें। सभी कार्य उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ किया। कार्यक्रम को बीआरसी ने भी संबोधित करते हुए उनके कर्तव्य पर प्रकाश डाला। मान सिंह बाबूजी का स्वागत करने वालों में गोपाल सिंह मालवीय, रमेश धनवाल, ईश्वर सिंह तिर्की, अखलेश धारवां आदि ने किया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

**आष्टा।** विभिन्न सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रवीण सिंह, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, एसडीओपी आकाश अमलकर, जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉक्टर मीना सिंगी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, राकेश सुराणा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दारा सिंह पटेल सहित अनेक जन प्रतिनिधि, नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आष्टा क्षेत्र में राजनीतिक, धार्मिक,पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालो का सम्मान किया गया।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड मां के नाम अभियान के तहत जगह-जगह हुआ पौधरोपण

# एक पेड़ मां के नामः ग्राम पंचायत वार्ड, स्कूल, श्मशान घाट और मैदानों में रोपे गए फल और छायादार पौधे





**रविवार को आष्टा क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों और जावर नगर परिषद में एक पेड मां के नाम अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जगह-जगह पौधरोपण किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज/जावर/खाचरोद

रविवार को ग्राम पंचायत सिद्धिगंज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। ग्राम पंचायत सचिव जगदीश पाटीदार ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को एक से दो पौधे अवश्य लगाने चाहिए। क्योंकि लोग पौधे कम लगा रहे हैं और काट ज्यादा रहे हैं। जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। सभी को पेड़ पौधे लगाना चाहिए ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे। यदि पेड़ पौधे नहीं लगाए गए तो आने वाले समय में बहुत ही खराब स्थिति बनेगी।

प्रतिदिन वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी होती जा रही है और कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती जा रही है। जिससे ऐसी स्थिति में हम लोगों को आने वाले समय में और ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ेगा। इससे बचने के लिए हम सभी को पेड़ पौधे लगाना आवश्यक है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जनपद सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत सेक्टर प्रभारी एसएस पवार, ग्राम पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह काजलें, ग्राम पंचायत उप सरपंच नंदकिशोर बागवान, ग्राम पंचायत सचिव जगदीश प्रसाद पाटीदार, ग्राम पंचायत रोजगार सहायक रमेश बडगूजर, लक्ष्मी नारायण वर्मा पूर्व सरपंच, नीरज सोलंकी, बद्री लाल गहलोत, राजाराम दुदी, राजेंद्र वर्मा, मुकेश गहरवाल, नरबत सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका औरअन्य जनप्रतिनिधि गण ग्राम पंचायत पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे।





### ग्राम पंचायतों में लगाए गए पौधे

**खाचरोद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल रोल गांव में प्राचार्य महेश वर्मा, सरपंच धर्मेंद्र धनगर व समस्त स्टाफ की उपस्थिति में स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया। वहीं उन्होंने समस्त ग्राम वासियों से अपील की की हर नागरिक एक पौधा अवश्य लगाए व उसकी पूरी देखभाल करें। वही ग्राम पंचायत जसुपुरा में सरपंच डॉक्टर इदरीश खान व ग्राम वासियों द्वारा सामूहिक पौधा रोपण पंचायत में किया गया। जिसमें 200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया। वहीं प्राथमिक शाला पिरान्हा खेड़ी प्राथमिक शाला आवली खेड़ा प्राथमिक शाला, नौगांव हाई स्कूल, नौगांव ग्राम पंचायत, सिंगार चोरी, ग्राम पंचायत छापर, ग्राम पंचायत भील खेड़ी, ग्राम पंचायत बरघाटी, ग्राम पंचायत कन्नौज शिवजी, ग्राम पंचायत बड़कोला, ग्राम पंचायत लसूडिया, विजय सिंह, ग्राम पंचायत देवन खेड़ी, ग्राम पंचायत बापचा बरामद, ग्राम पंचायत खामखेड़ा यात्रा, ग्राम पंचायत जिकड़ी मेवाती, ग्राम पंचायत पगारिया हाट आदि पंचायत में स्कूल श्मशान घाट आदि जगहों पर बादाम, नीम, जामुन, शीशम बड आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस मौके पर हाई स्कूल संस्था प्राचार्य महेश वर्मा, सरपंच धर्मेंद्र धनगर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र जैन, जसपुर सरपंच डॉक्टर इदरीश खान, बड़कोला सरपंच रमेश देवड़ा, सिंगार चोरी सरपंच कुतुबुद्दीन खान, जिकड़ी मेवाती सरपंच असगर खान, रामपुर सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर, अवली खेड़ा सरपंच सियाराम बारिया, छापर सरपंच ज्ञान सिंह वर्म,ा बडघाटी सरपंच आकेसीग ठाकुर, भील खेड़ी सरपंच रघुवीर सिंह ठाकुर, कन्नौज शिवजी सरपंच लक्ष्मी नारायण पाटीदार, लसूडिया विजय सिंह सरपंच देवकरण मालवीय, खामखेड़ा यात्रा सरपंच प्रेम वर्मा, बापचा सरपंच प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह ठाकुर, पगारिया सरपंच अकरम खान सहित स्कूल के सभी शिक्षक, पंचायत सचिव व समस्त ग्राम पंचायत के ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पेड का महत्व मां के समान हैः वीरेंद्र ठाकुर

**जावर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद जावर द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में साथी पार्षद, परिषद के कर्मचारी मित्रों के साथ पौधारोपण किया। पार्षद वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों से आह्वान किया है कि देश के युवा मातृशक्ति और सभी से अपील की है कि हर नागरिक मां के नाम का एक पौधा जरूर लगाए। उनकी इस पहल पर नागरिकों द्वारा अपने अपने स्थान पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में परिषद द्वारा भी वृक्षारोपण किया गय। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि हुकम विश्वकर्मा, कुमेर सिंह, सुरेंद्र भाटी, प्रदीप, ऋषि वर्मामा, बद्री परिहार, रोहित चिंतामणि उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा धर्मशाला पर पौधरोपण किया

**जावर।** विश्वकर्मा धर्मशाला शेखू खेड़ा जोड पर 300 पौधे लगाए एग। प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम पर कार्यक्रम किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,भाजपा जिला महामंत्री दारा सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, सरपंच प्रतिनिधि पप्पू यादव, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष और नगर परिषद जावर के पार्षद मदन विश्वकर्मा, हरेंद्र विश्वकर्मा युवा मोर्चा अध्यक्ष, पार्षद हुकुम विश्वकर्मा द्वारा पौधारोपण किया गया। समाज के अध्यक्ष बाबूलाल विश्वकर्मा, शंकर लाल विश्वकर्मा, माखनलाल विश्वकर्मा, मोहनलाल, प्रेम नारायण, भगवत प्रसाद विश्वकर्मा, आत्माराम विश्वकर्मा, राजाराम, महेश विश्वकर्मा, छगनलाल पिपलोदिया, मदन विश्वकर्मा आदि वरिष्ठ समाज के जनप्रतिनिधि द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के साथ ही उनकी देखभाल करने का भी सामूहिक रूप से संकल्प लिया।





## आष्टा में निकली जगन्नाथ रथ यात्राःपुराने बस स्टैंड से गुरुद्वारा होते हुए बांसवाड़ा पहुंची, किया स्वागत

**आष्टा।** शहर के अलीपुर स्थित बांसवाड़ा भगवान जगन्नाथ मंदिर से रविवार को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से निकली। जगह-जगह भगवान जगन्नाथ जी की पूजा-अर्चना की गई। हर वर्ष भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के अवसर पर शहर में भी जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकलती है। बांसवाड़ा स्थित भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर से दोपहर 2 बजे रथ यात्रा शुरु हुई, जो की पुराने बस स्टैंड, सब्जी मंडी ,बड़ा बाजार, गुरुद्वारा होते हुए वापस बांसवाड़ा पहुंची, जहां पर रथ यात्रा का समापन हुआ। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का हिंदू धर्म में बड़ा ही पावन महत्व है। उड़ीसा राज्य के पूरी में इस यात्रा का विशाल आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार पूरी यात्रा हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकाली जाती है। इस वर्ष यह यात्रा 7 जुलाई रविवार को निकली।



## मोहर्रम सहित आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



सिद्धिगंज थाने में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें मोहर्रम सहित आगामी त्योहार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ग्राम सहित आसपास क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। जिनमें त्योहार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि सिद्धिगज में किसी भी प्रकार की त्योहार को लेकर ग्राम में कभी किसी प्रकार की घटना नहीं घटी है और ना ही घटेगी। हम सभी ग्रामीण जन सभी त्योहार को आपस में मिलकर मनाते हैं। इस दौरान जनपद सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच महेंद्र सिंह काजले, उपसरपंच नंदकिशोर बागवान, भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा, सिकंदर भाई,भूरा भाई, असलम खा, नसीम शाह सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण बैठक में मौजूद रहे। थाना प्रभारी गोपेंद्र सिंह राजपूत ने कहा अगामी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और जो भी आसामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की घटना करता है वा किसी भी धर्म के प्रति गलत टिप्पणी व मैसेज करता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सिविल अस्पताल में मरीजों का हो रहा निःशुल्क उपचार और जांचें

# डेढ़ माह में 200 से अधिक बच्चों का किया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा में बीते डेढ़ माह से बच्चों में पीलिया अर्थात हेपेटाइटिस की बीमारी बच्चों को काफी जकड़ रही है। सिविल अस्पताल में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉक्टर ए के जैन ने अपने स्टाफ कर्मियों के सहयोग से डेढ़ माह में करीब 200 बच्चों को स्वस्थ करके घर भेजा हैं । उन्होंने अस्पताल के आईसीयू वार्ड में बच्चों को भर्ती करके उपचार किया। वहीं उन्होंने बच्चों के परिजनों को इस मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। अगर इन बच्चों को सिविल अस्पताल में सही उपचार नहीं मिलता तो इन बच्चों को इंदौर -भोपाल उपचार हेतु ले जाना पड़ता और वहां पर करीब 25 से 30 हजार रुपए का खर्चा आता। इन सभी बच्चों सिविल अस्पताल में निशुल्क उपचार मिला है। बीते मई माह के अंतिम सप्ताह से मौसम से एवं दूषित खाने-पीने से बच्चों में हेपेटाइटिस होने पर एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉक्टर एके जैन ने आम जनों को सलाह दी है कि हेपेटाइटिस होने पर तत्काल ही सिविल अस्पताल में बच्चों को लाकर उपचार कराने की सलाह दी है। डॉक्टर चित्रा सोनी ने बताया कि बीते डेढ़ माह में दो सौ बच्चों को पीलिया रोग से पीड़ित होने पर उन्हें अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती करके ठीक किया है। डॉक्टर चित्रा सोनी ने कहा कि पीलिया अर्थात हेपेटाइटिस रोग जो दूषित पानी और दूषित खाद्य पदार्थ के सेवन से होता है।



# रामलला के दर्शन करने आयोध्या के लिए श्रद्धालुओं की बस हुई रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सोनकच्छ विधानसभा से विधायक राजेश सोनकर द्वारा अयोध्या के लिए करीब 3000 लोगों को अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए रवाना किया गया। विधायक डॉ राजेश सोनकर का कहना है कि हमारा लक्ष्य है कि हर गांव से हम अयोध्या के लिए बस भेजें और कोई गांव नहीं छुटना चाहिए।

सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि अयोध्या रामलला के दर्शन करने अवश्य जाएं। विशेष सहयोग दीपक सेंधव देहरी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष, बहादुर सिंह पिलवानी, हरेंद्र सिंह पिलवानी, जीतेन्द्र सिंह तालोद, नरेंद्र सिंह कुमारियां, बनवीर, राहुल, दीपराज, सुरेन्द्र, सभी के सहयोग से यात्रा सफलतापूर्वक जारी है।